Title: Need to set up textile parks and to reopen the closed textile mills in Solapur Parliamentary Constituency, Maharashtra. − Laid.

श्री सुभाा सुरेशचंद्र देशमुख (शोलापुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र सोलापुर, महाराट्र कपड़े के उत्पादन में देश में प्रमुख स्थान रखता है। यहां पर अनेक कपड़े की छोटी-बड़ी मिलें हैं, उनमें से यसवंत सूत मिल और सोलापुर सूत मिल बंद हो गयी है और अन्य सूत की मिलों की स्थिति भी ठीक नहीं है। उपरोक्त दोनों मिलों के बंद होने एवं अन्य सूत मिलों की स्थिति ठीक न होने के कारण क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है और बंद मिलों के कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो गयी है, उनके सामने भूखों मरने की समस्या आ गयी है।

अतः मैं आपके माध्यम से वस्त्र मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूं कि सोलापुर की बंद सूत मिलों को चालू करवाने का कट करें और यहां पर टैक्सटाइल पार्क बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के आदेश पारित करने का कट करें।